# युवक के प्राइवेट पार्ट में मिर्ची पाउडर डालने के प्रकरण में मामला दर्ज

## तीन नवम्बर की घटना के बाद से पीड़ित पक्ष ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई थी

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ थाना क्षेत्र के श्यामपुरा इलाके में करीब एक सप्ताह पूर्व दबंगों ने एक युवक को अर्धनग्न कर प्राइवेट पार्ट में पहले मिर्ची पाऊडर डाला। फिर लाठी ओर डंडों से मारपीट की गई। इस बर्बरता पूर्ण घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित के पिता की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है ओर आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं।

मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक कीर्ति सिंह ने बताया कि मांडलगढ थाना क्षेत्र के श्यामपुरा पुलिस चौकी इलाके में यह घटना 3 नवम्बर की हैं। घटना के बाद पीडित पक्ष की ओर से पुलिस को कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। घटना सामने आने के बाद तुरंत पीडित से मांडलगढ थानाधिकारी मनोज जाट ने हनुमान नगर थाना क्षेत्र में पीडित से सम्पर्क कर रिपोर्ट ली और चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश कर जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। पीडित युवक के भाई खोहरा कलां थाना हनुमान नगर निवासी राकेश मीणा ने बताया



मांडलगढ़ पुलिस थाने में पीड़ित युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

- पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया
- पीड़ित युवक के भाई को मौके पर बुलाकर युवक को छोड़ने के बदले ढाई लाख रुपए मांगे

कि श्यामपुरा के जालम की झोंपडियां के रहने वाले बदमाशों ने उसके भाई को बिजोलिया से ट्रेक्टर लेकर आते समय रास्ता रोक कर पकड़ लिया और रस्सी से हाथ बाँध लाठी डंडों से मारपीट की। रात भर उसके भाई राहुल मीणा को अर्द्ध नग्न कर प्राइवेट पार्ट में मिर्ची डाल जंगल मे ले जाकर बर्बरता से मारपीट की।

बदमाशों ने पीडित युवक के भाई राकेश कुमार को फोन कर मौक़े पर बुलाया और पीडित युवक को छोड़ने के बदले ढाई लाख रुपए की माँग की गई। खोहरा कलां से आए पीडित के भाई और परिजनों ने बदमाशों से उक्त राशि देने में असमर्थता जताई। काफी जद्दोजहद के बाद पीड़ित के भाई से बदमाशों ने 70 हजार रुपए वसूल कर स्टाम्प पेपर पर कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात लिखवाई।

इसके बाद दबंगों ने पीड़ित युवक को देवी देवता की सोगन्ध खिलाई ओर रस्सी से बंधे हाथ खोल कर छोड़ा व श्यामपुरा इलाके में दोबारा नहीं आने की धमकी दी।

मामले में पीडित युवक राहुल मीणा के पिता प्यारा राम मीणा निवासी खोहरा कला थाना हनुमान नगर ने मांडलगढ थाने में रमेश चंद मीणा नयागांव (बिजौलियां), दुर्गेश मीणा, बीरालाल मीणा व रमेश मीणा जालम की झोंपड़ीया (मांडलगढ) के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। मांडलगढ थानाधिकारी मनोज सिंह जाट ने बताया कि घटना की सूचना किसी ने थाने पर नहीं दी थी। जानकारी मिलते ही सोमवार रात्रि में ही पीडित की रिपोर्ट दर्ज कर युवक का मेडिकल चेकअप करा कर बयान दर्ज किए है और आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी है।

# आठ दिन में फिर चोरी होने पर व्यापारियों ने जाम लगा प्रदर्शन किया

## चोरों ने फिर दो मोबाइल दुकानों को अपना निशाना बनाया



चोरी की घटना के बाद व्यापारियों ने प्रदर्शन किया।

**करौली,** (निसं)। जिले के सपोटरा उपखंड मुख्यालय पर 8 दिन पूर्व पुराना बस स्टैंड के सामने एक मोबाइल शॉप में हुई चोरी का पुलिस अभी तक खुलासा नही कर पाई है कि गत रात्रि को चोरों ने फिर दो मोबाइल दुकानों को अपना निशाना बनाकर करीब दो लाख रुपए के मोबाइल व एसेसीरीज ले गए। जिससे आक्रोशित व्यापारियों ने बाजार बंद रखकर मीणा धर्मशाला के सामने जाम लगा प्रदर्शन किया। पुलिस उपअधीक्षक कैलादेवी गिर्राज प्रसाद मीणा की समझाईश व आश्वासन के बाद आधा घंटे बाद जाम व बाजार खुलवाया।

पीड़ित विक्रम पुत्र बरखंडी मीणा निवासी गोरेहार (कालागुडा) ने बताया कि पूर्व एसबीआई शाखा के पास उसकी रेयांश मोबाइल पाइंट की दुकान है। सोमवार की शाम को 7 बजे वह अपनी दुकान बंद कर अपने गांव चला गया। सुबह 5 बजे उसके दुकान मालिक ने दुकान की शटर टूटी होने की जानकारी दी। जिस पर वह दुकान पहुंचा तो दुकान में रखे 5 नोकिया की बैट्री,10 नेक बैंड लीड, 7 पावर बैंक, 20-25 डाटा केबिल के साथ 12 एंड्रोइड फोन नदारद मिले। जिससे उसे करीब 1.60 लाख रुपए का नुकसान हो गया। इसी प्रकार ईशु पुत्र राजेन्द्र सिंहल निवासी सपोटरा ने बताया कि पुरानी एसबीआई शाखा के नीचे उसका एमआई स्टोर, सिंहल मोबाइल सेंटर है। सोमवार रात्रि 8 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह आस पड़ोस के लोगों ने शटर टूटे होने की जानकारी दी। जिस पर दुकान में रखा एक टेबलेट, 5 ब्लूटूथ नेकबैंड व 5 पावर बैंकों चोर ले गये।

कस्बे में चोरियों की वारदातों में इजाफा होने से आहत दुकानदारों व भाजपाईयों का हूजूम सपोटरा मोड़ पर पहुंचा। जहां मीणा धर्मशाला के पास प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह बालौती, किराना संघ अध्यक्ष मुनीराज मीणा, शहर मंडल अध्यक्ष सीताराम शर्मा पूर्व पंचायत समिति सदस्य भरतलाल धूलवास, सुनील राजपुरोहित, भाजयुमो अध्यक्ष प्रताप पाकड़ के नेतृत्व में बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए तथा पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घटना की सूचना मिलने उपपुलिस अधीक्षक कैलादेवी गिर्राज प्रसाद मीणा, कुड़गांव थानाधिकारी जगदीश भारद्वाज व कैलादेवी थाना प्रभारी निरंजन मीणा पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा व्यापारियों से तीन दिन में चोरियों का खुलासा करने के आश्वासन पर दोपहर 1 बजे जाम व बाजार खोला गया।

## सादुलपुर में सुबह छाया कोहरा

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ क्षेत्र में सोमवार को मौसम में बदलाव नजर आया है और सुबह-सुबह हल्की बारिश भी हुई है। इस कारण वातावरण में कुछ ठंडक भी बढ़ी है तथा सुबह-सुबह कोहरा भी छाया रहा। इससे पूर्व रात्रि को बिजली कड़कड़ाती रही बादल गरज रहे। ढंढाल रोड पर बावरियों के एक कच्चे मकान पर बिजली भी गिर गई। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राकेश बावरी मलवास के झोपड़े व कच्चे मकानात पर आकाशीय बिजली गिरी है। गनीमत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हालांकि झोपड़ा व अन्य सामग्री जलकर राख हो गई।

# अधिकारियों ने खनन क्षेत्र का दौरा किया

**भरतपुर,** (निस)। साधु सन्तों के द्वारा दिये गये ज्ञापन पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने साधु सन्तों के साथ गांव नांगल, भुआपुर गढी में बंद लीजों व गांव डाबक में स्थित क्रशर प्लांटो का दौरा किया। इससे पहले सोमवार को मान मन्दिर गहवर वन बरसाना की ओर से संचालित ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा कस्बा डीग पहुंची। उसके बाद यात्रा के संचालनकर्ताओं राधाकांत शास्त्री, नारायण दास, सुनील कुमार एवं साधु सन्तों ने डीग में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीयों को गांव डाबक में संचालित क्रेशर प्लांटो बन्द कराने के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया था।

ज्ञापन की पालना में मंगलवार को पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने साधु सन्तों के साथ गांव नांगल, भुआपुर गढी में बंद लीजों व गांव डाबक में स्थित क्रशर प्लांटो का दौरा किया। एनकांसा माईनिग क्षेत्र जो वर्तमान में वन क्षेत्र घोषित है। वन विभाग की ओर से पूर्व में संचालित लीज क्षेत्र में जाने वाले रास्तों में चारों तरफ खाईया खोदकर तारबंदी की गई। उसके बाद गांव डाबक में स्थित क्रशर प्लांटो का निरीक्षण किया। जिनमें कोई भी अवैध क्रशर संचालित होता नही पाया गया। अधिकतर प्लांटो का विद्युत कनेक्शन कटा हुआ मिला। प्लांट पर ग्रीट आदि बनाने का कार्य बंद मिला। कुछ क्रशर प्लांटो के सम्बंध में साधु महात्माओं ने अवगत कराया कि वे चोरी छिपे रात्रि के समय चलते है। जिसका मौके पर ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने समाधान करवाने के लिए महात्माओं को आश्वस्त किया।

मौके से ही पोल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड के एसई विवेक गोयल तथा खनिज विभाग के अधिकारियों को इस बाबत् जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उसके बाद पुलिस थाना कैथवाडा पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने साधु महात्माओं के साथ बैठक की, बैठक में हेमन्त कुमार एसडीएम डीग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग रघुवीरसिंह कविया, वृताधिकारी डीग आशिष कुमार, थानाधिकारी कैथवाडा रामनरेश मीणा एवं राधाकांत शास्त्री, नारायण दास, सुनील कुमार, पसोपा मन्दिर के महन्त भूरा बाबा, आदी बद्री मन्दिर के महन्त शिवराम दास बाबा उपस्थित रहे। साधु सन्तों ने अवैध खनन एंव ओवरलोड वाहनों के सम्बंध में मीटींग में बताया था कि अवैध खनन व ओवरलोड के विरूद्ध कार्यवाही के लिए जाप्ता तैनात है। तथा पूरे क्षेत्र में लगातार पुलिस की गश्त जारी है। खनन एवं परिवहन विभाग की सहायतार्थ भरतपुर पुलिस कटिबद्ध है।

## लूट के आरोपियों को जेल भेजा

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के दो थाना क्षेत्रों में एक ही रात में आधा दर्जन लूट की वारदातों को अंजाम देने वाली गैंग के चारों आरोपियों को प्रतापनगर थाना पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें एक दिन की पुलिस अभिरक्षा में भेजा गया जबकि पांचवां आरोपी अब भी पुलिस गिरफ्त से दूर है। जानकारी के अनुसार एक ही रात में लूट और मारपीट की 6 वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को भीलवाडा की चार थाना पुलिस ने संयुक्त प्रयास से सोमवार को गिरफ्तार किया था।

प्रतापनगर थाना पुलिस ने मिंची मण्डी में नीबू मिंच बेचने वाले चौथमल माली के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किये गये चित्तौड में टेंट हाउस का काम करने वाले सुनील धोबी, पुताई और पेंटिंग करने वाले गौरव कोली, आरसीसी डालने वाले राकेश बलाई और बारहवीं पास कर चुके कॉलेज के छात्र मोहित खटीक को न्यायालय में पेश किया।

चारों आरोपियों को न्यायालय ने प्रतापनगर थाना पुलिस को एक दिन के रिमाण्ड पर सौंपा है। चौथमल माली से इन लोगों ने 800 रुपए की नकदी लूटी इनमें से 400 रुपए खर्च कर दिये जबकि बाकी 400 रुपए फरार आरोपी गोपाल लेकर चला गया। चौथमल का मोबाईल भी लूटा गया जिसे फैंक देने की बात सामने आई। पुलिस उसे बरामद करने का प्रयास कर रही है। रावण गैंग के नाम से अपराध करने वाले इन लोगों के और साथी हो सकते है इस बारे में भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

# पुष्कर सरोवर में तीन युवक डूबे, एक जने की मौत



सिविल डिफेंस के रेस्क्यू में दो युवकों को पानी से निकाल कर बचाया।

**पुष्कर,** (निसं)। पुष्कर सरोवर में सोमवार को तीन युवक डूब गए। इस दौरान सिविल डिफेंस टीम ने तीनों युवकों का रेस्क्यू किया लेकिन तीनों युवकों में से दो युवक ही बच पाए और एक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मृतक 18 वर्षीय देवराज पुत्र रामलाल निवासी नागेलाव पीसांगन अपने साथियों के साथ पुष्कर सरोवर में नहाने आया था। मृतक व उसके तीनो साथी गहरे पानी मे चले गए और डूबने लगे। रविकुमार के निर्देश में घाटों पर तैनात सिविल डिफेंस के सदस्यों ने तुरंत पानी में कूद दो युवकों को बचा लिया लेकिन देवराज गहरे पानी मे जाने से मौके पर ही मौत हो गई। सिविल डिफेंस टीम ने सीपीआर देकर बचाने की कोशिश भी की लेकिन उसके साथियों को बचाने में समय लगने से वह गहरे पानी मे चला गया। डूबने के पांच मिनट के भीतर उसको भी निकाल लिया लेकिन बचाया नहीं जा सका।

# बीमा क्लेम व मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने रैली निकाली

**छबड़ा,** (निसं)। किसानों ने बीमा क्लेम व अतिवृष्टि से खराब हुई फसलों का मुआवज़ा दिलवाने सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को कृषि उपज मंडी से खेल मैदान तक वाहन रैली निकाली व खेल मैदान में आयोजित सभा को किसान नेताओं ने संबोधित किया। तत्पश्चात् किसानों ने उपखंड कार्यालय पर पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौपा। किसानों की समस्याओं को लेकर किसान नेता सरपंच भगवान स्वरूप नागर (धर्मा धाकड़) ने भी भूख हड़ताल पर बैठने का एलान कर दिया।

- ट्रैक्टर, जेसीबी, कार व बाईक लेकर पहुंचे किसान



छबड़ा कस्बे के खेल मैदान में भीड़ को किसान नेताओं ने सम्बोधित किया।

किसानों को रात के स्थान पर दिन में बिजली देने व कर्ज में डूबे किसानों के ट्रांसफर नही उठाने सहित अन्य मांगों को लेकर वाहन रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। रैली में किसान ट्रैक्टर, जेसीबी, कार व मोटरसाइकिल पर सवार होकर पहुंचे तथा जमकर नारेबाज़ी कर विरोध जताया। इसके बाद किसान नेताओ ने किसानों को संबोधित करते हुए कांग्रेस व भाजपा को जमकर आड़े हाथों लिया। किसान पैदल रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचे व ज्ञापन सौंपा।

# 22 साल से बंद पड़े सिनेमा हॉल में लगी भीषण आग

## फर्नीचर समेत सामान जलकर राख, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने दो घंटे मशक्कत की तब आग पर काबू पाया

**बीकानेर,** (कासं)। शहर के पुराने सिनेमा हॉल में बीती रात अचानक आग लग गई। आग इतनी जबर्दस्त थी कि हॉल के अंदर रखे फर्नीचर के साथ ही ऊपर लगा टीनशैड भी जलकर गिर गया। पिछले 22 साल से बंद इस सिनेमा हॉल के अंदर कबाड़ भरा पड़ा था, जिसमें आग लग गई और पूरे हॉल में फैल गई। इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

दाऊजी रोड स्थित प्रकाश चित्र सिनेमा में रात करीब नौ बजे लोगों को आग का पता चला, तब तक आग पूरे परवान पर पहुंच चुकी थी। आसपास के लोगों ने हॉल के पास बनी दीवारों पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास भी किया लेकिन अंदर रखे कबाड़ में आग बहुत उग्र रूप ले चुकी थी। कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने के साथ ही दमकल मौके पर बुलाई। मुरलीधर व्यास नगर और बीछवाल से दमकल गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। देर रात तक आग पूरी तरह से बुझ चुकी थी। कहीं-कहीं धुआं

- दाऊजी रोड स्थित प्रकाश चित्र सिनेमा में लगी आग

जरूर उठ रहा है लेकिन अब आग की लपटें खत्म हो गई है।

इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। दरअसल हॉल के अंदर कोई रहता ही नहीं है। हॉल भी पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है। ऐसे में इसका उपयोग ही कबाड़ के रूप में हो रहा था। हॉल के एक तरफ तोड़फोड़ करके लोग अंदर जा रहे थे। कई बार यहां से सामान चोरी का भी पता चला। विवाद के चलते इस सिनेमा हॉल को कोई संभालने के लिए भी नहीं आता।

आग लगने के बाद दाऊजी मंदिर मुख्य मार्ग पर भारी भीड़ हो गई। देर रात तक आग बुझाने का प्रयास चलता रहा। प्रकाश चित्र सिनेमा के अंदर रिसेप्शन का फर्नीचर था। इसके अलावा कैन्टीन में भी कुछ फर्नीचर लगा हुआ था। हॉल के अंदर डेढ़ सौ से ज्यादा सीट्स थी। जिसमें फोम और लकड़ी के साथ जूट भी लगा हुआ था। इसी कारण आग बहुत तेज गति से फैलती चली गई। हॉल में बनी सिनेमा की दीवार पूरी तरह जल चुकी है।

बीकानेर के चुनिंदा सिनेमा हॉल में एक प्रकाश चित्र को करीब 22-23 साल पहले तोड़कर नया बनाया गया था। इसके बाद से ही विवाद के चलते ये हॉल बंद हो गया। इसके बाद कभी वापस खुला ही नहीं। अब मोबाइल के युग में सिनेमा हॉल वैसे ही संकट में है। ऐसे में प्रकाश चित्र वापस शुरू ही नहीं हुआ। आग लगने की सूचना मिलते ही एडिशनल एसपी अमित कुमार, निगम आयुक्त गोपालराम बिरदा, सीओ सिटी दीपचंद, थानाअधिकारी नवनीत सहित प्रशासनिक अधिकारियों घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर दमकल पहुंचाने के लिए भी अधिकारियों को मशक्कत करनी पड़ी।

## रेलवे स्टेशनों पर लिफ्ट की मंजूरी मिली

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे ने यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के पांच स्टेशनों पर दस लिफ्ट लगाने का फैसला किया है। रेलवे बोर्ड ने इसकी मंजूरी दे दी है। मंडल रेल प्रबंधक गीतिका पांडेय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यात्री सुविधाओं में वृद्धि करते हुए रेलवे बोर्ड ने जोधपुर मंडल के डेगाना, डीडवाना, मेड़ता रोड, रेण और सीमांत बाड़मेर रेलवे स्टेशनों पर दो-दो लिफ्ट लगाने की स्वीकृति जारी की है।

उन्होंने बताया कि बाड़मेर रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट के लिए केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री कैलाश चौधरी, मेड़ता, रेण व डेगाना के लिए सांसद सुश्री दिया कुमारी व डीडवाना के लिए सांसद हनुमान बेनीवाल की पुरजोर मांग थी और इस के लिए वे प्रयासरत थे। इस स्वीकृति करवाने पर डीआरएम ने मंत्री और सांसदों का आभार जताया है। उन्होंने बताया कि इन स्टेशनों पर लिफ्ट लगने से दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। पांडेय ने बताया कि इसमें सबसे महत्वपूर्ण रेण रेलवे स्टेशन है, जहां बुटाटी धाम जाने के लिए देशभर से लकवा रोगी पहुंचते हैं तथा उन्हें एक से दूसरे प्लेटफॉर्म तक जाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब वहां लिफ्ट लग जाने से लकवा रोगियों और उनके परिजनों भी राहत मिल सकेंगी।

# एक और खिलाड़ी ने उपचार के दौरान दम तोड़ा

## छात्रों के परिजन ने स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की

**अजमेर,** (कासं)। ब्यावर रोड स्थित बकरा मंडी के समीप 6 नवंबर को खिलाड़ियों से भरी कार पलटने के मामले में मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप घायल एक ओर खिलाड़ी की मौत हो गई। घटना के बाद मृतक छात्रों के परिजन समेत घायल छात्रों के परिजनों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की।

- कार पटलने के मामले में अब तक दो छात्रों की मौत



धरने पर बैठे परिजनों से विधायक देवनानी, डिप्टी मेयर जैन व पूर्व विधायक जयपाल ने बातचीत की।

छात्र की मौत के बाद धरने पर बैठे पूर्व मंत्री व विधायक डॉ वासुदेव देवनानी, डिप्टी मेयर नीरज जैन ने कहा कि स्कूल प्रशासन हो या फिर स्कूल मालिक व स्कूल प्रिसिंपल जो भी इस हादसे में दोषी पाये जाते है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये। मेघवंशी समाज के जिलाध्यक्ष रमेश मेघवाल ने कहा कि इस मामले में स्कूल प्रशासन की लापरवाही थी कि उन्होंने खिलाडियों को मसूदा ले जाने के लिये निजी वाहन लिया ओर क्षमता से अधिक छात्रों को बैठाया ओर स्कूल का पीटीआई उक्त वाहन को चला रहा था।

मेघवाल ने कहा कि मृतक छात्र अनुज को आर्थिक सहायता दिलवाई जाये ओर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही जाये, अन्यथा मेघवंश समाज आंदोलन करने पर मजबूर होगा। मामले में अस्पताल में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए तहसीलदार प्रीति चौहान और कार्यवाहक एसडीएम अमिता भी मौके पर पहुंची, लेकिन आक्रोशित लोगों ने उनसे बात करने से मना कर दिया और मौके पर जिला कलेक्टर को बुलाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि जब तक कलेक्टर नहीं आते तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इसके बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर भावना गर्ग पहुंची और लोगों ने स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग और सरकार से उचित मुआवजा देने की मांग की। एडीएम सिटी गर्ग ने कलेक्टर द्वारा पुलिस व प्रशासन की स्तर पर अलग अलग कार्रवाई करने का आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।